क्रिकेट जगत ने भारत को जीत का हकदार और सीमित ओवरों की सर्वश्रेष्ठ टीम बताया

एजेंसी

नई दिल्ली। महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने भारत को 'पूरी तरह से जीत का हकदार' बताया जबकि इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने उन्हें 'सीमित ओवरों की सर्वश्रेष्ठ टीम' का तमगा दिया। क्रिकेट जगत ने इस तरह से भारतीय टीम की ऐतिहासिक तीसरी टी20 विश्व कप खिताबी जीत को सराहा।

बल्ले से अपना बेजोड़ प्रदर्शन जारी रखते हुए भारत ने नरेंद्र मोदी स्टेडियम में न्यूजीलैंड को फाइनल में 96 रन से करारी शिकस्त दी और तीन बार टी20 विश्व कप जीतने वाली तथा खिताब का सफलतापूर्वक बचाव करने वाली पहली टीम बन गई। तेंदुलकर ने टीम के प्रदर्शन की सराहना की और मुंबई में अपने घर के बाहर जश्न की एक झलक साझा की। तेंदुलकर ने लिखा, 'लगातार दो बार विश्व कप जीतना, पहली बार किसी टीम ने टी20 प्रारूप में ऐसा किया है। ट्रॉफी के पूरी तरह से हकदार। हमारी टीम ने क्या शानदार प्रदर्शन किया और क्रिकेट का एक खास ब्रांड दिखाया। बहुत बढ़िया, टीम इंडिया। जय हिंद!'

उन्होंने लिखा, 'अपने घर के बाहर और पूरे देश में हो रहे जश्न को देखने के लिए मुंबई में नहीं हूं। क्या शानदार शाम रही। कमाल का काम किया टीम इंडिया।' भारत की 2024 की जीत के बाद इस प्रारूप से संन्यास लेने वाले पूर्व कप्तान विराट कोहली ने टीम के जज्बे और दबदबे की तारीफ की।

कोहली ने सोशल मीडिया पर लिखा, 'अहमदाबाद में टीम इंडिया की जबरदस्त जीत। पूरे टूर्नामेंट में हमारे खेले गए जबरदस्त क्रिकेट का कोई मुकाबला नहीं था। मुश्किल हालात में लड़ते रहने और एक बार फिर विश्व चैंपियन बनने के लिए लड़कों ने शानदार जज्बा दिखाया।' उन्होंने लिखा, 'यह



कामयाबी हासिल करने के लिए सभी खिलाड़ियों और प्रबंधन के सभी सदस्यों को बधाई।' आईसीसी चेयरमैन जय शाह ने भी न्यूजीलैंड के फाइनल तक पहुंचने की तारीफ करते हुए इतिहास रचने के लिए टीम को बधाई दी।

शाह ने लिखा, 'अब तक के सबसे वैश्विक और सुगम आईसीसी टूर्नामेंट का क्या शानदार फाइनल था! भारत को बधाई जो लगातार दो टी20 विश्व कप खिताब जीतने वाली पहली टीम बना। सूर्यकुमार यादव और पूरी टीम और स्टाफ को बधाई। न्यूजीलैंड को भी उनके शानदार अभियान के लिए बधाई।' भारत के पूर्व कप्तान और भारतीय क्रिकेट बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष सौरव गांगुली ने कहा कि यह जीत हर स्तर पर भारतीय क्रिकेट की ताकत दिखाती है। गांगुली ने पोस्ट किया, 'टी20 विश्व कप जीतने के लिए भारत को बधाई... बहुत मजबूत टीम... बड़े मुकाबलों में बेहतर हुई... भारतीय क्रिकेट शानदार जगह पर है। महिला चैंपियन, अंडर-19 चैंपियन और अब पुरुष टी20 चैंपियन।'

वेस्टइंडीज के पूर्व कप्तान और मौजूदा मुख्य कोच डेरेन सैमी ने कहा कि पूरे टूर्नामेंट में भारत को हराना मुश्किल था। सुपर आठ में भारत के खिलाफ हार के बाद टूर्नामेंट से बाहर हुई वेस्टइंडीज के मुख्य कोच सैमी ने लिखा, 'जैसा कि मैंने पहले दिन से कह रहा था। आईसीसी टी20 विश्व कप जीतने के लिए आपको भारत को नॉकआउट में हराना होगा। किसी भी टीम ने ऐसा नहीं किया। बीसीसीआई को उनके तीसरे विश्व टी20 खिताब के लिए बधाई। न्यूजीलैंड को सांत्वना (बेहद निरंतर प्रदर्शन करने वाली टीम)।'

इंग्लैंड के पूर्व कप्तान वॉन ने भारत को दुनिया की सर्वश्रेष्ठ सफेद गेंद की टीम बताया। वॉन ने लिखा, 'भारत सर्वश्रेष्ठ टी20 टीम है.. साथ ही सर्वश्रेष्ठ 50 ओवर की टीम भी है.. सफेद गेंद के क्रिकेट में उन्हें रोकना मुश्किल होगा। उन्होंने खेल को एक अलग स्तर पर पहुंचा दिया है।' वॉन ने जसप्रीत बुमराह को टूर्नामेंट का अपना सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना। हालांकि संजू सैमसन को वेस्टइंडीज के खिलाफ लगभग क्वार्टर फाइनल जैसे सुपर आठ मुकाबले, इंग्लैंड के खिलाफ सेमीफाइनल और फाइनल में अपने तीन महत्वपूर्ण अर्धशतक के लिए टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया।

गावस्कर ने संजू सैमसन की सराहना की



नई दिल्ली। महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने संजू सैमसन की जमकर सराहना करते हुए कहा कि भारत की ऐतिहासिक टी20 विश्व कप खिताबी जीत के दौरान सेमीफाइनल और फाइनल सहित लगातार तीन मैच में अर्धशतक जड़कर उन्होंने सामान्य खिलाड़ी से टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का सफर तय किया। सैमसन ने टी20 विश्व कप में भारत के आखिरी तीन मैच में जबरदस्त पारियां खेलीं जिसमें इंग्लैंड के खिलाफ सेमीफाइनल और न्यूजीलैंड के खिलाफ फाइनल भी शामिल हैं। गावस्कर ने कहा, 'संजू सैमसन के लिए जिंदगी का चक्र पूरा हो गया है। 2026 टी20 विश्व कप से पहले न्यूजीलैंड के खिलाफ उनकी श्रृंखला बहुत खराब रही थी। उन्हें टीम से बाहर कर दिया गया, फिर टी20 विश्व कप शुरू होने के बाद उन्हें नामीबिया के खिलाफ खेलने का मौका मिला लेकिन उनकी पारी उनकी जगह बनाए रखने के लिए काफी नहीं थी।' उन्होंने कहा, 'इसके बाद वह सीधे सुपर आठ में जिम्बाब्वे के खिलाफ खेले लेकिन उनका असली सुधार वेस्टइंडीज के खिलाफ लगभग क्वार्टर फाइनल जैसे मुकाबले से शुरू हुआ।' गावस्कर ने 'स्टार स्पोर्ट्स' पर कहा, 'उन्होंने एक जबरदस्त पारी खेली और पूरे नियंत्रण में दिखे। हम जानते हैं कि संजू कितना कुशल है। लेकिन लगभग क्वार्टर फाइनल जैसे मैच में, इंग्लैंड के खिलाफ सेमीफाइनल में और फिर न्यूजीलैंड के खिलाफ सबसे जरूरी फाइनल में प्रदर्शन करना आसान नहीं था।' टी20 विश्व कप के पिछले सत्र में सैमसन रिजर्व विकेटकीपर थे और ऋषभ पंत को एकादश में चुना गया था। इस बार भी उनके साथ ऐसा ही होता लग रहा था क्योंकि वह न्यूजीलैंड के खिलाफ हुई श्रृंखला के पांच टी20 मुकाबलों में 9.20 के औसत से सिर्फ 46 रन बना पाए थे।

टी-20 विश्व कप जीतने के बाद भारतीय टीम की नजरें ओलंपिक स्वर्ण पदक पर

तीस के करीब औसत उम्र वाली भारतीय टीम के अगले टी20 विश्व कप में खेलने की पूरी संभावना

एजेंसी

नई दिल्ली। रोहित शर्मा की कप्तानी में 2024 में भारतीय टीम ने बारबाडोस में जब टी20 विश्व कप जीता तो आईसीसी टूर्नामेंटों में पिछली कई नाकामियों से मिले जख्मों पर मरहम लगा था लेकिन सूर्यकुमार यादव की टीम की जीत को शुरू ही से तय माना जा रहा था।

डेढ़ साल में दूसरी बार टी20 विश्व कप जीतने के बाद खिलाड़ियों की त्वरित प्रतिक्रिया से स्पष्ट था कि उन्हें अहसास था कि इस बार उन्हें हरा पाना किसी टीम के लिये लगभग नामुमकिन था।

इस टीम की औसत उम्र तीस के करीब है लिहाजा आस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में 2028 में होने वाले अगले टी20 विश्व कप में भी उनके खेलने की पूरी संभावना है।

लेकिन इससे पहले खिलाड़ियों के



पास लॉस एंजिलिस में ओलंपिक स्वर्ण जीतने का भी मौका होगा चूंकि क्रिकेट की 128 साल बाद ओलंपिक में वापसी हो रही है।

भारत की विश्व कप विजेता इस टीम में सिर्फ कप्तान सूर्यकुमार यादव ही 35 साल के हैं लेकिन उनका इरादा 2028 में ये दोनों टूर्नामेंट खेलने का है।

अहमदाबाद में न्यूजीलैंड के खिलाफ फाइनल में मिली जीत के बाद प्रेस कांफ्रेंस में सूर्यकुमार ने कहा, 'एक टीम के रूप में हमने जो कुछ हासिल किया है, वह काफी खास है। अगला लक्ष्य ओलंपिक है। ओलंपिक स्वर्ण और उसी साल टी20 विश्व कप भी है।'

उन्होंने कहा, '2024 के बाद से जिस तरह से सफर तय किया है, हम काफी रोमांचित हैं। हमने तीन आईसीसी ट्रॉफी (वनडे चैम्पियंस ट्रॉफी समेत) लगातार जीती। 2024 में लंबे समय बाद आईसीसी खिताब जीता। हमें पता है कि हम किस तरह से खेलना चाहते थे। 2024 के बाद सब कुछ बदल गया।'

सूर्यकुमार ने कहा, 'हमने 2025 में चैम्पियंस ट्रॉफी (रोहित शर्मा की कप्तानी में) जीती और बिल्कुल अलग तरह की क्रिकेट खेली। अब 2026 में हम अपने घरेलू मैदान पर कुछ खास करना चाहते थे। इसे 2027, 28, 29 में और हमेशा दोहराते रहना चाहते हैं।'

केरल सरकार टी-20 विश्व कप के हीरो संजू सैमसन को सम्मानित करेगी

तिरुवनंतपुरम। केरल सरकार आईसीसी पुरुष टी20 क्रिकेट विश्व कप में भारत की खिताबी जीत के हीरो और टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी संजू सैमसन को सम्मानित करेगी। राज्य के जनरल शिक्षा और श्रम मंत्री वी शिवनकुट्टी ने सोमवार को यह जानकारी दी। मंत्री ने बयान में कहा कि केरल के तटीय शहर विझिंजम के रहने वाले सैमसन ने पूरे टूर्नामेंट में अपने शानदार प्रदर्शन से केरलवासियों को गौरवान्वित किया है। शिवनकुट्टी ने कहा कि भारत की जीत में योगदान के लिए सैमसन को सम्मानित करने के लिए राज्य सरकार राजधानी में समारोह का आयोजन करेगी।

दिन की कहानी दो पावर प्ले रहे: सेंटनर

एजेंसी



अहमदाबाद। न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सेंटनर का मानना है कि भारतीय टीम की जबरदस्त शुरुआत के बाद उनकी टीम हमेशा मुश्किल में थी और बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए सभी चीजें उनके पक्ष में होने की जरूरत थी।

चौथी बार विश्व कप फाइनल में खेल रही न्यूजीलैंड की टीम को 96 रन से हार का सामना करना पड़ा जिससे टीम की सीमित ओवरों के पहले विश्व खिताब की तलाश जारी रही। सेंटनर ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, 'मुझे लगता है कि सेमीफाइनल और फाइनल में हारना आदर्श स्थिति नहीं है लेकिन जैसा कि मैंने कुछ दिन पहले कहा था, आप इस स्थिति में आते हैं, आप उन टीम के खिलाफ खेलते हैं जो बहुत अच्छा क्रिकेट खेल रही हैं।' उन्होंने कहा, 'भारत के खिलाफ भारत में फाइनल हमेशा चुनौतीपूर्ण होता है। हम जानते थे कि मैच से पहले हम निश्चित तौर पर कमजोर टीम माने जाएंगे। और उन्होंने आज रात अपने बल्लेबाजी प्रदर्शन से फिर से अपना स्तर दिखाया।'

संजू सैमसन और अभिषेक शर्मा ने गत चैंपियन को जबरदस्त शुरुआत दिलाते हुए पावर प्ले के छह ओवर में 92 रन बनाए। इसके विपरीत 256 रन के बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए न्यूजीलैंड की टीम पावर प्ले में तीन विकेट पर 52 रन ही बना सकी। सेंटनर ने कहा, 'मुझे लगता है कि पावर प्ले में 90 रन बनाने का श्रेय संजू और अभिषेक को जाता है। वहां से वापसी करना काफी मुश्किल है।' उन्होंने कहा, 'और फिर जब आप 250 रन का पीछा कर रहे हों तो सब कुछ ठीक होना चाहिए। और पावरप्ले में विकेट खोना हमेशा चुनौतीपूर्ण होता है। मुझे लगता है कि दिन की कहानी यही थी, दो पावर प्ले। मुझे लगता है कि हमने 40 के आस-पास तीन विकेट गंवा दिए और उन्होंने 90 के आसपास कोई विकेट नहीं गंवाया था।'

न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया था लेकिन उसके गेंदबाजों को भारत के शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों को रोकने में काफी मुश्किलें हुई।

न्यूज डायरी

भारत और गोरान्सन इंडियन वेल्स मास्टर्स के प्री-क्वार्टर फाइनल में पहुंचे

इंडियन वेल्स (अमेरिका)। भारत के शीर्ष युगल खिलाड़ी युकी भाम्बरी और स्वीडन के उनके जोड़ीदार आंद्रे गोरान्सन ने इंडियन वेल्स मास्टर्स टेनिस में डेविड पेल और फैब्रिस मार्टिन की जोड़ी के खिलाफ सीधे सेटों में आसान जीत के साथ अंतिम-16 में अपनी जगह पक्की की। भारत और स्वीडन की गैरवरीयता प्राप्त जोड़ी ने एटीपी 1000 टूर्नामेंट के पहले दौर में फ्रांस और नीदरलैंड की जोड़ी की सर्विस को पांच बार तोड़ते हुए 6-1 6-3 से आसान जीत दर्ज की। भाम्बरी और गोरान्सन ने अपने प्रतिद्वंदियों के तीन ऐस के मुकाबले पांच ऐस लगाए। पेल और मार्टिन ने 66 मिनट के इस मुकाबले में छह 'डबल फॉल्ट' किए। भाम्बरी और गोरान्सन का सामना अब सैंडर एरेंड्स और जिरी लेहेका की अनुभवी जोड़ी से होगा, जिन्होंने दूसरी वरीयता प्राप्त ब्रिटेन की जूलियन कैश और लॉयड ग्लासपूल की जोड़ी को हराया था। विश्व रैंकिंग (युगल) में 23वें स्थान पर मौजूद भाम्बरी 2026 सत्र के पहले मास्टर स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेने वाले एकमात्र भारतीय खिलाड़ी हैं।

महाराष्ट्र विस ने भारतीय टीम को बधाई दी, फडणवीस ने खिलाड़ियों के अनुशासन की सराहना की

मुंबई। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने सोमवार को राज्य विधानसभा में एक प्रस्ताव पेश किया जिसमें भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम को टी20 विश्व कप जीतने पर बधाई दी गई। उन्होंने साथ ही कहा कि यह खिलाड़ियों के अनुशासन और आत्मविश्वास को दर्शाता है। भारत ने रविवार को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में फाइनल में न्यूजीलैंड को 96 रन से हराकर खिताब जीता।

सूर्यकुमार ने इशान से पूछा था कि क्या वह विश्व कप जिताएगा

अहमदाबाद। कप्तान सूर्यकुमार यादव ने जब भारत की टी20 विश्व कप टीम में जगह की पुष्टि करने के लिए इशान किशन को फोन किया था तो उनके पास इस आक्रामक विकेटकीपर बल्लेबाज से पूछने के लिए बस एक ही सवाल था कि क्या वह 'विश्व कप जिताएगा?' इशान ने इसका जवाब एक सवाल से देते हुए सूर्यकुमार को कहा, 'भरोसा करोगे?' यह रोहित की बातचीत सूर्यकुमार के 'हां' में जवाब देने के साथ खत्म हुई और इशान ने टूर्नामेंट में 241 रन बनाए जिसमें रविवार को यहां फाइनल में न्यूजीलैंड के खिलाफ शानदार अर्धशतक भी शामिल है। रविवार रात यहां न्यूजीलैंड को 96 रन से हराकर भारत की खिताबी जीत के बाद मुस्कुराते हुए इशान ने कहा, 'सूर्या भाई ने मुझे तब फोन किया जब टीम घोषित होने वाली थी। मैंने स्क्रीनशॉट भी ले लिया क्योंकि मुझे लग रहा था कि उन्होंने विश्व कप टीम के बारे में फोन किया है। उन्होंने मेरे से सीधे पूछा, 'विश्व कप जिताएगा?' उन्होंने कहा, 'मैंने उनसे पूछा, 'भरोसा करोगे?' उन्होंने कहा 'हां' और बस इतनी ही बात हुई।'

महिला एशियाई कप से बाहर होने के बाद वतन वापसी का इंतजार कर रही ईरान की टीम

एजेंसी

गोल्ड कोस्ट (ऑस्ट्रेलिया)। ईरान की महिला फुटबॉल टीम को एशियाई कप में अपना आखिरी ग्रुप मैच हारने के बाद ऐसे समय में स्वदेश लौटने पर विचार करना पड़ रहा है जब उनका देश युद्ध की स्थिति में उलझा हुआ है।

ईरान की महिला टीम पिछले महीने ऑस्ट्रेलिया में आयोजित महाद्वीपीय चैंपियनशिप के लिए जब पहुंची थी तब अमेरिका और इजराइल द्वारा ईरान पर हमला और उसके बाद युद्ध शुरू नहीं हुआ था। आम तौर पर ग्रुप चरण से बाहर होने वाली टीमें कुछ ही दिनों में लौट जाती हैं, लेकिन आयोजकों ने अभी तक ईरान के दल की वापसी को लेकर कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी है।

ऑस्ट्रेलिया की राष्ट्रीय समाचार एजेंसी के अनुसार ईरान की मुख्य कोच मरजियेह जाफरी ने कहा कि टीम 'जितनी जल्दी हो सके ईरान लौटना चाहती है।'



मैच के बाद आयोजित संवाददाता सम्मेलन में जाफरी ने कहा, 'मैं अपने देश और अपने घर के लोगों के साथ रहना चाहती हूं... हम जल्द से जल्द वापस लौटने के लिए उत्सुक हैं।'

पिछले सोमवार दक्षिण कोरिया के खिलाफ शुरुआती मैच से पहले राष्ट्रगान के दौरान टीम की चुप्पी को कुछ लोगों ने विरोध के रूप में देखा, जबकि अन्य ने इसे शोक की अभिव्यक्ति माना। टीम ने हालांकि इस पर कोई स्पष्टीकरण नहीं दिया। ईरान को इसके बाद बृहस्पतिवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 0-4 और रविवार को फिलीपीन से 0-2 की हार का सामना करना पड़ा। इन मैचों से पहले खिलाड़ियों ने राष्ट्रगान गाया था।

कैसा रहेगा आज आपका दिन

डॉक्टर मिश्रा, अध्यक्ष: हार्मनी ऑकल्ट वास्तु जोन, पिपली (कुरुक्षेत्र)



10-3-2026, मंगलवार, विक्रमी सम्वत 2082, चैत्र मास, कृष्ण पक्ष, सप्तमी तिथि, अनुराधा नक्षत्र, चन्द्रमा वृश्चिक राशि में। राहु काल: दोपहर 3 बजे से 4:30 तक।



मेष: आज के दिन आपको नौकरी पक्ष से शुभ समाचार मिलेंगे। विशेष सुख समृद्धि हेतु आज के दिन गौशाला में दान पुण्य कीजिए।



वृष: परिवार और समाज में मान सम्मान मिलेगा। आति जल्दबाजी से बचें। भगवान की कृपा हेतु बीमार लोगों को दवाई और खाने पीने की वस्तुओं का दान कीजियेगा।



मिथुन: आज के दिन श्रद्धा भावना से शिवलिंग पर दूध अर्पण करें। आप निराशा के वातावरण से भगवद कृपा से बाहर होंगे।



कर्क: आज व्यवसाय में नवीन अनुबंध लाभकारी हो सकते है। अपनी माता की सेवा कीजियेगा। निजी संबंधों में मधुर व्यवहार रखें।



सिंह: मां दुर्गा जी को प्रसाद श्रद्धा भावना से चढ़ाएं। श्री दुर्गा चालीसा पाठ करें। विशेष लोगों से भेंट के शुभ अवसर आएंगे, जिसका अधिक लाभ भविष्य में आपको मिलेगा।




कन्या: आज के दिन जीव जंतुओं को खाने की वस्तु दें। आज के दिन व्यापार में निर्णय सोच-समझकर लें। मानसिक शांति प्राप्त होगी।




तुला: आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। परिवार की सुख शांति हेतु अपने कुल देवी देवताओं श्रद्धा भावना से भोग लगाए, और परिवार सहित ग्रहण कीजिए।




वृश्चिक: भगवान हनुमान को लड्डू का भोग लगाएं। पारिवारिक स्थिति सद्भावना से विशेष अच्छी रहेगी। व्यवसायिक दृष्टि से लाभदायक संयोग प्राप्त होंगे।




धनु: आज अपनी पत्नी को विशेष श्रृंगार का सामान दें। गृहस्थ जीवन शांतिमय रहेगा। कर्ज चुकाना अच्छा रहेगा। आपकी धन सम्पति में वृद्धि होगी।



मकर: अमूल्य वस्तुओं को संभालकर रखना आवश्यक है। गौ सेवा कीजियेगा तो पारिवारिक जीवन सुखद रहेगा। आपकी ईश्वर के प्रति आस्था बढ़ेगी।



कुम्भ: आज आपके परिवार में संयम से चलें। नवीन आर्थिक निवेश विवेक से कीजियेगा। विशेष माता पिता और गुरु की सेवा कीजिए।



मीन: आपको दूसरों की मदद मिलेगी। व्यवसाय में उन्नति के योग बनने से लाभ की आशा प्रबल होगी। आपका भगवान का सुमिरन करने से ही मन प्रसन्न होगा।

बेदखली सूचना

मैं, हाकम चंद पुत्र चंद राम उर्फ नरेश निवासी गांव खरौदी, तहसील गुहला, जिला कैथल बयान करता हूं कि मेरी पुत्री किरणा देवी मेरे कहने सुनने से बाहर है। मैं उसे अपनी चल अचल सम्पति से बेदखल करता हूं। आज के बाद वह अपने सभी प्रकार के कार्यों व लेनदेन के लिए स्वयं जिम्मेदार होगी, उसमे मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नही होगी। सभी नोट करें।

नाम परिवर्तन

मैं, रीना देवी पत्नी सुग्रीव निवासी गांव गोहरां जिला कैथल (हरियाणा) बयान करती हूं कि मैंने अपना नाम रीना देवी से बदलकर रीना रख लिया है। भविष्य में मुझे रीना के नाम से जाना जाए। सभी संबन्धित नोट करें।

उत्तर रेलवे

ई-नीलामी सूचना

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, अंबाला कैंट भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए उत्तर रेलवे के अंबाला मंडल के रेलवे स्टेशनों पर अनुबंधों के आवंटन के लिए IREPS वेबसाइट पर ई-ऑक्शन के माध्यम से बोलियां आमंत्रित करते हैं।

SN	Lot No	Description	Auction Start date time
1	MSS-UMB-BTI-TWnOPS-24-26-1	बठिंडा (BTI) रेलवे स्टेशन पर पार्सल पैकिंग के लिए 10'x10' यानी 100 वर्ग फुट का फर्श स्थान प्रदान करना।	24.03.2026 12.00.00 hrs
2	MSS-UMB-UMB-TWnOPS-23-26-1	अंबाला कैंट (UMB) रेलवे स्टेशन पर पार्सल पैकिंग के लिए 10'x10' यानी 100 वर्ग फुट का फर्श स्थान प्रदान करना।	24.03.2026 12.00.00 hrs

नीलामी लीजिंग आमंत्रण सूचना, नीलामी प्रपत्र, एक बार पंजीकरण व अधिक जानकारी हेतु, रेलवे वेबसाईट www.ireps.gov.in पर जाये।

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 791/26

रजिस्ट्री सं० डी० एल० — 33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

सी.जी.-डी.एल.-अ.-24102025-267096
CG-DL-E-24102025-267096
असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग—II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 4710] नई दिल्ली, शुक्रवार, अक्तूबर 24, 2025/कार्तिक 2, 1947
No. 4710] NEW DELHI, FRIDAY, 24 OCTOBER, 2025/KARTIKA 2, 1947

रेल मंत्रालय
(उत्तर रेलवे (निर्माण संगठन))
अधिसूचना
नई दिल्ली, 24 अक्तूबर, 2025

का.आ. 4854(अ). — केन्द्रीय सरकार रेलवे (संशोधन) अधिनियम—2008 की धारा 2 के खंड (37-क) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए इस अधिसूचना के राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से "राजपुरा–मोहाली नई रेल लाइन (18.11 कि०मी०) उत्तर रेलवे", के निर्माण में लोक प्रयोजन के लिए राष्ट्रीय अवसंरचना उपलब्धित कराने हेतु, पंजाब राज्य के जनपद पटियाला, फतेहगढ़ साहिब और साहिबजादा अजीत सिंह नगर में लगभग 53.84 हेक्टेयर भूमि अधिग्रहण हेतु "विशेष रेल परियोजना" के रूप में अधिसूचित करती है।

[फा. सं.190-W/Land/UMB/Rajpura-Mohali]
शैलेश कुमार मिश्रा मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण

788/26

अस्वीकरण सूचना

बेदखली सूचना

मैं, वेदप्रकाश पुत्र लेलू राम निवासी गांव पाडला हालआबाद डीपी कॉलोनी, खुराना रोड, कैथल, जिला कैथल बयान करता हूं कि मेरा पुत्र अनूप व उसकी पत्नी पूनम मेरे कहने सुनने से बाहर हैं। मैंने उन्हें अपनी चल अचल सम्पति से बेदखल कर दिया है। अब उनके साथ मेरा व मेरे परिवार का कोई ताल्लुक वास्ता ना होगा। उनके साथ कार्य या लेनदेन करने वाला स्वयं जिम्मेदार होगा, उसमे मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नही होगी। सभी नोट करें।

नाम परिवर्तन

मैं, सुग्रीव (Sugriv) पुत्र राम कुमार निवासी गांव गोहरां जिला कैथल (हरियाणा) बयान करता हूं कि मैंने अपना नाम सुग्रीव (Sugriv) से बदलकर सुग्रीव (Sugreev) रख लिया है। भविष्य में मुझे सुग्रीव (Sugreev) के नाम से जाना जाए। सभी संबन्धित नोट करें।

उत्तर रेलवे

ई-नीलामी सूचना

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, अंबाला कैंट भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए उत्तर रेलवे के अंबाला मंडल के रेलवे स्टेशनों पर अनुबंधों के आवंटन के लिए IREPS वेबसाइट पर ई-ऑक्शन के माध्यम से बोलियां आमंत्रित करते हैं।

Lot No.	Description	Auction Start Date Time
ADVT-Int-250749-2-26-1	ट्रेन संख्या 20493/94 (सीडीजी-एमडीयू-सीडीजी) में ट्रेन कोचों के आंतरिक भाग में डिस्प्ले बोर्ड का उपयोग करके वाणिज्यिक विज्ञापन स्थान (विज्ञापन के लिए कोच संरचना और आयाम के अनुसार)	20.03.2026 12:00 hrs
MSS-UMB-SRE-RCR-66-26-1	सहारनपुर रेलवे स्टेशन (अंबाला मंडल) पर 05 वर्षों की अवधि के लिए रेल कोच रेस्तरां की स्थापना और संचालन (साइट.योजना के अनुसार)	20.03.2026 12:00 hrs
ADVT-UMB-BTI-OSD-338-25-1	बठिंडा जंक्शन रेलवे स्टेशन पर 10 फुट x 8 फुट क्षेत्र के वीडियो वॉल के रूप में वाणिज्यिक विज्ञापन अधिकार (डिजिटल)	23.03.2026 12:00 hrs
ADVT-UMB-NBA-OSN- 157-22-2	नाभा रेलवे स्टेशन पर 240 वर्ग फुट क्षेत्र में व्यावसायिक विज्ञापन (नॉन-डिजिटल)	23.03.2026 12:00 hrs
MSS-UMB-SFMU-RCR-71-26-1	अंबाला मंडल के सुनाम उधम सिंह वाला रेलवे स्टेशन पर तीन वर्षों की अवधि के लिए 12' x 8' यानी 96 वर्ग फुट के कुल क्षेत्रफल के लिए फूड वैन का निर्माण, संचालन और रखरखाव (साइट प्लान के अनुसार)	23.03.2026 12:00 hrs
MSS-UMB-DUI-RCR- 70-26-1	अंबाला मंडल के धुरी रेलवे स्टेशन पर तीन वर्षों की अवधि के लिए 12' x 8' यानी 96 वर्ग फुट के कुल क्षेत्रफल के लिए फूड वैन का निर्माण, संचालन और रखरखाव (साइट प्लान के अनुसार)	23.03.2026 12:00 hrs
MSS-UMB-AADR- RCR-73-26-1	अंबाला मंडल के अंब अंदौरा रेलवे स्टेशन पर तीन वर्षों की अवधि के लिए 10' x 10' यानी 100 वर्ग फुट के कुल क्षेत्रफल के लिए फूड वैन का निर्माण, संचालन और रखरखाव (साइट प्लान के अनुसार)	23.03.2026 12:00 hrs
MSS-UMB- LHA-RCR-72-26-1	अंबाला मंडल के लेहरा गागा रेलवे स्टेशन पर तीन वर्षों की अवधि के लिए 12' x 8' यानी 96 वर्ग फुट के कुल क्षेत्रफल के लिए फूड वैन का निर्माण, संचालन और रखरखाव (साइट प्लान के अनुसार)	23.03.2026 12:00 hrs

नीलामी लीजिंग आमंत्रण सूचना, नीलामी प्रपत्र, एक बार पंजीकरण व अधिक जानकारी हेतु, रेलवे वेबसाईट www.ireps.gov.in पर जाएं।

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 786/2026

बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda

शाखा कार्यालय : रोसर्ब एसएमई 62-63 तीसरी मंजिल, बैंक स्क्वायर सेक्टर-17-बी, चंडीगढ़-160017

ई-नीलामी सूचना बिक्री सूचना

विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए यहां स्कैन करें

चल/अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु बिक्री सूचना
परिशिष्ट- II-A अचल के लिए नियम 6(2) के साथ]

दिनांक : 09.03.2026 स्थान : चंडीगढ़ अधिकृत अधिकारी